कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.10.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

# बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में कन्या महाविद्यालय विजेता

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की बॉस्केटबॉल टीम ने सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

रूंगटा महाविद्यालय आर0 वन0 द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग सेक्टर स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में अपने पिछले दस वर्षों के जीत को बरकरार रखते हुए इस साल भी सुराना महाविद्यालय, दुर्ग को 70–21 अंकों से परास्त कर एकतरफा जीत हासिल किया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने सेमीफाईनल में सेन्ट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा, भिलाई को 52–15 से परास्त किया।

महाविद्यालय टीम का नेतृत्व पूनम नायक (कप्तान) ने किया एवं अन्य खिलाड़ी अर्चना निषाद, आंचल यादव, ज्योति प्रजापति, आरती सिंह, डी0 अश्वनी, पिंकी जेना, ए0 अर्चना टीम मैनेजर मधु पाण्डेय, प्रशिक्षक श्री रूपेश साहू थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि में उन्हें बधाई दी। महाविद्यालय की क्रीडाधिकारी डॉ0 ऋतु दुबे, क्रीडा संयोजक डॉ0 सुषमा यादव, श्री जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं दी।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)